प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आज से शुरू हुआ 155 घंटे का नॉन स्टॉप मेगा स्वच्छता अभियान।
2. यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने तकनीकी सत्र को किया संबोधित : कहा– ओडीओपी योजना के कारीगरों को मिल रहा है ई–कॉमर्स से फायदा।
3. प्रदेश के कई हिस्सों में अगले 24 से 48 घंटे के बीच भारी बारिश का अलर्ट : राजधानी लखनऊ सहित कई स्थानों पर बारिश से मौसम हुआ सुहावना।
4. कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में कल से खेला जायेगा भारत और बांग्लादेश टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच, सभी तैयारियां पूरी, दर्शकों में उत्साह।

————————

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 17 सितम्बर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज से राज्य के सभी 762 नगरीय निकायों में 155 घंटे का नॉन–स्टॉप मेगा स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर समाप्त होगा। अभियान के अन्तर्गत छात्र–छात्राओं को जोड़ते हुए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लंबी दौड़, मैराथन, साइक्लोट्रॉन, वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

स्वच्छ पर्यावरण प्रोत्साहन समितियां वार्ड स्तर पर जन जागरूकता पहल का नेतृत्व कर रही हैं, जबकि पांच हजार स्वच्छ सारथी क्लब इस अभियान में भाग ले रहे हैं।

लखनऊ के केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान– सीमैप ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाह नगर रेलवे स्टेशन पर विशेष सफाई अभियान चलाया। वाराणसी में रेल इंजन कारखाना बरेका में भी स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत वेस्ट टू आर्ट पहल के तहत लोहे के स्क्रैप से बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उधर, बलरामपुर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सरकारी कार्यालयों में लोगों को साफ सफाई के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत मथुरा में 11 एनसीसी बटालियन द्वारा नवाचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कौशाम्बी में मंझनपुर नगरपालिका परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जिले में विद्यालयों, व्यवसायिक क्षेत्रों और मलिन बस्तियों में भी सफाई अभियान चला।

————————

ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ई कामर्स के विशेष सत्र में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान

शामिल हुए। सत्र को संबोधित करते हुए राकेश सचान ने कहा कि ई–कामर्स के माध्यम से ओडी ओपी योजना से जुड़े कारीगरों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि टेक्स टाइल्स के क्षेत्र में 75 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। बाइट......

*पछहत्तर डिस्टिक के जो उत्पाद थे वह ओडीओपी योजना उसको भी हम लोगों ने ई–कॉमर्स से जोड़ा और जो छोटे छोटे उत्पाद थे कारीगर थे जिनका उत्पाद सदियों से परंपरागत उनके पुरखों ने उनको शुरू किया तो विलुप्त होता जा रहा था लेकिन सरकार ने प्रोत्साहित किया उनको तमाम तरीके की योजनाओं से जोड़कर के आगे बढ़ाया और बहुत सारे लोगों को ई–कॉमर्स के माध्यम से जो उनका उत्पाद कोई जानता नहीं था कहीं बिकता नहीं था आज वह पैमाने पर बिक्री भी हो रही है और उनकी आर्थिक स्थिति में बढ़ावा मिल रहा है।*

कार्यक्रम में अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा नवाचार और स्टार्ट अप पर आयोजित सत्र में शामिल विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

—————————

कल विश्व पर्यटन दिवस है। इस वर्ष की थीम है– पर्यटन और शांति। उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले कुछ वर्षो में पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार किया है। आकाशवाणी सामचार से बातचीत करते हुए प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन की आपार संभावनाएं है। इसी को ध्यान में रखते हुए साढ़े छह सौ से अधिक स्थानों पर काम किया जा रहा है। पर्यटक स्थलों में जनसुविधाएं बढ़ाने के साथ–साथ पर्यटन को समृद्ध करने पर खास फोकस किया जा रहा है। बाइट........

*उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य और परियोजनाएं संचालित की जा रही है जिनके अंतर्गत पर्यटकों को सुविधाएं किस तरीके से हम प्रदान करें यह मूलभूत सुविधाएं। सभी जो भी पर्यटक स्थल हैं उनमें जन सुविधाओं के लिए अच्छे शौचालय हो, वहां पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हो, साइन बोर्ड हो, लाइट हो, पाथवेज हो, लैंडस्केपिंग हो इन सबको लेकर के पूरे प्रदेश में साढ़े छह सौ से अधिक स्थानों पर काम किया जा रहा है।*

—————————

मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन ने एक स्वयंसेवी संस्था के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि इसके तहत संस्था की मदद से थर्मल ड्रोन उपलब्ध कराये जायेंगे और साथ ही स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएंगी।

*गुड़गांव की संस्था एम टेक फाउंडेशन के साथ एमओयू किया गया। जिसके अंतर्गत पहले चरण में जो वन चौकी स्थित हैं। वहां पर सोलर लाईट लगाई जाएगी तथा पूरे देश से पंन्द्रह स्टूडेंट का एक वालेंटियर तैयार किया जाएगा। उसकी ट्रेनिंग नवम्बर माह में करायी जाएगी।*

उधर, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये दुधवा कर्तिनया घाट और पीलीभीत टाइगर रिजर्व में नेचर गाइड तैनात किये जायेंगे। इसके लिये उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड विशेष रणनीति तैयार कर रहा हैं।

————————

प्रदेश के कई हिस्सों में अगले 24 से 48 घंटे के बीच भारी से बहुत भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ स्थित मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि हवा के कम दबाव का एक क्षेत्र मध्य प्रदेश में बना हुआ है, जिसकी वजह से मध्य यूपी में बारिश होगी और पूर्वांचल में भी बादल छाये रहेंगे। वहीं तराई के कुछ जिलों में भारी बारिश भी हो सकती है।

आज राजधानी लखनऊ में दिनभर बादल छाये रहे और देरशाम हुई बारिश की वजह से मौसम सुहावना हो गया। इससे लोगों को कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली।

————————

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच सीरीज का दूसरा और आखिरी मैच कल खेला जायेगा। चेन्नई टेस्ट में बांग्लादेश को 280 रन से शिकस्त देने के बाद भारत का अगला लक्ष्य कानपुर में एक और जीत हासिल कर सीरीज पर कब्जा करना होगा। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......

*कानपुर नगर का ग्रीन पार्क स्टेडियम भारत–बंगलादेश के बीच 27 सितंबर से शुरू हो रहे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से तैयार है वही ग्रीन पार्क में भारत–बंगलादेश के बीच टेस्ट मैच को लेकर लोगो में काफी उत्साह है। भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेले जाने वाले टेस्ट मैच में कुल 26,007 दर्शक ग्रीन पार्क में मैच देखेंगे। इस मैच में गुरुवार दोपहर तक रिकॉर्ड 1 करोड़ 15 लाख रुपए की टिकट बिक गयी है। ग्रीन पार्क में पहली बार प्रयोग होने जा रही घंटी से मैच की शुरुआत शीर्ष खिलाड़ी करेंगे। सुबह शुरू हुए बूंदाबांदी के बाद पिच व पूरा मैदान कवर कर दिया गया है। स्टेडियम में दर्शकों की एंट्री 8.15 बजे से शुरू की जायेगी। स्टेडियम के एंट्री गेट पर सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए गये है।*

————————

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आज कौशांबी के मूरतगंज में आयोजित 'वंचित समाज सम्मेलन' में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चाहे सपा की सरकार हो या बसपा की, सभी ने दलित वर्गों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया गया। उन्होंने महाराज बिजली पासी के किलों की मरम्मत और उनके सही रखरखाव के लिए राज्य सरकार से तत्काल कदम उठाने की माँग की।

————————

कृषि विभाग द्वारा जारी 2022–23 की गेहूं उत्पादन रिपोर्ट में शामली ने प्रदेशभर में गेहूं उत्पादन में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में 53 हजार 861 हेक्टेयर क्षेत्रफल में कुल 49 दशमलव 2 9 प्रतिशत उत्पादन हुआ।

----------------------

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शामली जिले में स्वयं सहायता समूह की 21 हजार से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिये चयनित किया गया है।

----------------------

मंदिरों में प्रसाद को लेकर सख्ती शुरू हो गई है। गाजियाबाद के प्रमुख दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर में अब मिठाई का प्रसाद नहीं चढ़ेगा, सिर्फ फल और श्रीफल नारियल का ही प्रसाद चढ़ाया जा सकेगा।

----------------------

रायबरेली में फायर कर्मी के पद पर तैनात आनन्द प्रताप सिंह ने डेनमार्क के अल्बर्ग में आयोजित 15वें फायर फाइटर गेम्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

----------------------

एक से 30 सितम्बर तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जौनपुर में आज मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम द्वारा पोषण वैन हैलो डाक्टर दी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

----------------------